सोमवार
25 दिसंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

हसपुरा में मंदिर में मांस का टुकड़ा मिलने के बाद दो समुदाय में तनाव

2

खेल मंत्रालय ने की कार्रवाई, नवनियुक्त अध्यक्ष सस्पेंड

कुश्ती महासंघ की नई संस्था की मान्यता रद्द

- राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करने की जल्दबाजी को लेकर हुई है कुश्ती महासंघ पर कार्रवाई
- खेल मंत्रालय ने माना- नियमों का नहीं हुआ पालन

एजेंसी/नई दिल्ली

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ की नई संस्था की मान्यता रद्द कर दी है। कुश्ती महासंघ पर ये कार्रवाई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करने की जल्दबाजी को लेकर हुई है। मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह को भी सस्पेंड कर दिया है। संजय सिंह को बीजेपी सांसद और पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का करीबी बताया जाता है। दरअसल, जबसे संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंग के लिए हुए चुनाव में जीत मिली और उनका अध्यक्ष बनना तय हुआ, तब से ही पहलवानों ने इस पर आपत्ति जताई थी। पहलवानों का कहना था कि संजय सिंह बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं और ऐसे में डब्ल्यूएफआई में किसी भी तरह के सुधार की उम्मीद नजर नहीं आती है। हालांकि, मंत्रालय का कहना है कि डब्ल्यूएफआई ने मौजूदा नियम-कायदों की उपेक्षा की है। राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित करने का ऐलान जल्दबाजी में किया गया और नियमों का पालन नहीं हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के गोंडा में होना था, जो बृजभूषण सिंह का इलाका है।

मंत्रालय का आरोप... नई संस्था पूरी तरह से पुराने पदाधिकारियों के कंट्रोल में दिख रही

मंत्रालय ने कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21 दिसंबर को ऐलान कर दिया कि जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं इस साल के अंत से पहले शुरू हो जाएंगी। मगर ये नियमों के खिलाफ है, क्योंकि प्रतियोगिता शुरू करने के लिए कम से कम 15 दिन के का नोटिस देना होता है, ताकि पहलवान तैयारी कर सकें। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि नई संस्था पूरी तरह से पुराने पदाधिकारियों के कंट्रोल में दिखाई पड़ता है, जिन पर पहले ही यौन उत्पीड़न के आरोप हैं। प्रेस रिलीज में आगे कहा गया, 'ऐसा प्रतीत होता है कि नवनिर्वाचित संस्था खेल संहिता की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए पूर्व पदाधिकारियों के कब्जे में है। कुश्ती महासंघ का काम पुराने पदाधिकारियों के परिसरों से चल रहा है। इसमें वे परिसर भी शामिल हैं, जहां महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न होने की बात कही गई है। वर्तमान में अदालत में भी इस मामले की सुनवाई चल रही है।

हमारा कोई फैसला नियम के खिलाफ नहीं: संजय

डब्लूएफआई के नए अध्यक्ष संजय सिंह गुट का दावा है कि साल 2023 के खत्म होने में महज 8 दिन बाकी हैं। अगर ये अंडर 15 और अंडर 20 रेसलिंग नेशनल्स इस साल आयोजित नहीं होता और ये कैलेंडर साल खत्म हो जाता तो कई पहलवान ओवर एज हो जाते और वो इस टूनार्मेंट में भाग नहीं ले पाते। ऐसे में कुश्ती की भलाई के लिए और युवा पहलवानों का भविष्य बरबाद न हो इसलिए जल्दी फैसला लिया गया। अगर नए पदाधिकारी ये त्वरित फैसला ना लेते तो कई युवा पहलवान 11 महीनों से रुकी पड़ी सभी गतिविधियों की वजह से इसमें भाग नहीं ले पाते। चूंकि नंदनी नगर गोंडा में स्टेडियम और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हैं, इसलिए ही इतनी जल्दी में वहां पर इतना बड़ा आयोजन कराना फेडरेशन के लिए संभव था। सूत्रों की मानें तो खेल मंत्रालय की तरफ से सभी गतिविधियों पर रोक लगाने के पीछे जो वजह बताई गई है, उसके लिए भी नए पदाधिकारियों के पास प्रतिउत्तर तैयार है। इधर संजय सिंह ने कहा है कि उन्हें अभी डिटेल्स नहीं मालूम हैं, लेकिन हमारा कोई फैसला नियम के खिलाफ नहीं है।

ज्ञान, धर्म और टीम वर्क की सीख देते हैं गौतम बुद्ध: योगी

- गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़
- सीएम बोले- शून्य से शिखर की आदर्श प्रतिमूर्ति हैं उप राष्ट्रपति, युवाओं को इनसे लेनी चाहिए प्रेरणा

केटी न्यूज/गौतम बुद्ध नगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को ग्रेटर नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में सीएम योगी ने देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का दीक्षांत समारोह में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति द्वारा खराब मौसम के बावजूद सड़क मार्ग से समय से पहले ही समारोह में पहुंचने को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। मुख्यमंत्री ने उप राष्ट्रपति को शून्य से शिखर की आदर्श प्रतिमूर्ति बताया। वहीं उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध की शिक्षाएं हमें बुद्धि और विवेक से धर्म का आचरण करते हुए टीम भावना के लिए प्रेरित करती हैं।

समस्याओं को स्वीकारना चाहिए: मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देता हुए उनके उज्ज्वल और मंगलमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नामकरण भगवान गौतम बुद्ध के नाम पर हुआ है। बुद्ध के जीवन में हमें बहुत सी विशेषताएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने जीवन के जिन रहस्यों को उद्घाटित किया था, वो हर मनुष्य के ईद-गिर्द घटती हैं। बुद्ध ने हमें सिखाया है कि हमें समस्याओं को स्वीकारना आना चाहिए। जैसे ही हम समस्या को स्वीकार करते हैं तो उसके समाधान का रास्ता भी तलाशना होता है। अक्सर होता ये है कि हम समस्या को ही सवीकार नहीं करते। हमारी विफलता का रहस्य समस्या से मुंह मोड़ने में ही छिपा है।

सत्य बोलो, धर्म के मार्ग पर चलो

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्य बोलो और धर्म के मार्ग पर चलो। बुद्ध भी कहते हैं कि धर्म की शरण में जाओ। धर्म पूजा पद्धति नहीं है, बल्कि सदाचार, नैतिक मूल्य और कर्तव्य का समन्वित रूप है। ये हर देश, काल, परिस्थिति में समान रहता है। उपासना पद्धति देश, काल और परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है। मगर धर्म शाश्वत व्यवस्था है। बुद्ध ने अपने प्रत्येक अनुयायियों को बुद्ध यानी बुद्धि-विवेक की शरण में जाने के लिए कहा है। इसके अलावा उन्होंने संघ की शरण यानी टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए कहा है।

8 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल: इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 8 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वहीं 8 संकायों के विद्या वाचस्पति, स्नातकोत्तर और स्नातक के 7914 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा म्यांमार, वियतनाम, लाओस, थाईलैंड और ताइवान के पांच विदेशी छात्रों को भी उपाधियां प्रदान की गईं।

सीएम नीतीश ने राज्य के लोगों को दी क्रिसमस की शुभकामनायें

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने क्रिसमस के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का संदेश त्याग, शान्ति, प्रेम एवं करूणा का है जो सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिये है। प्रभु यीशु मसीह के संदेश को हम अपने जीवन में उतारें। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया है कि क्रिसमस का पर्व राज्यवासियों में प्रेम, सद्भाव के साथ-साथ सुख, शांति एवं समृद्धि लेकर आयेगा।

हिंदी बोलने वाले तमिलनाडु में टॉयलेट साफ करते हैं: मारन

डीएमके सांसद का विवादित बयान

एजेंसी/नई दिल्ली

डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने हिंदी बोलने वाले लोगों को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार के हिंदी बोलने वाले लोग तमिलनाडु में आते हैं और यहां कंस्ट्रक्शन मजदूर या सड़कों और शौचालयों की सफाई का काम करते हैं। डीएमके सांसद की इस विवादित टिप्पणी वाली एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस क्लिप को बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शेयर भी किया है।

शहजाद पूनावाला ने डीएमके सांसद दयानिधि मारन के खिलाफ नहीं बोलने के लिए बिहार और यूपी के इंडिया गठबंधन नेताओं की आलोचना की है। वीडियो में

दयानिधि को कहते हुए सुना जा सकता है कि जो लोग अंग्रेजी सीखकर यहां आते हैं, वो आईटी कंपनियों में अच्छी सैलरी पर काम करते हैं। जबकि यूपी-बिहार से हिंदी बोलने वाले लोग जब यहां आते हैं, तो तमिल सीखकर कंस्ट्रक्शन मजदूर के तौर पर काम करते हैं। वे सड़कों और शौचालयों की सफाई करते हैं। बीजेपी प्रवक्ता पूनावाला ने इंडिया गठबंधन पर आरोप लगाया है कि वह जाति, भाषा और धर्म के नाम पर देश के लोगों को बांटने का काम कर रहा है। उन्होंने डीएमके सांसद के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के लिए गठबंधन की आलोचना भी की है। पूनावाला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'एक बार फिर से बांटों और राज करो कार्ड को खेलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मारन के लिए इस्तेमाल की गई भाषा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

तेजस्वी यादव ने द्रमुक सांसद के बयान की निंदा की

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को द्रमुक सांसद दयानिधि मारन की एक कथित टिप्पणी की निंदा की है। मारन ने कथित तौर पर अपने बयान में कहा था कि हिंदी पट्टी के लोग तमिलनाडु में शौचालय साफ कर रहे हैं और अन्य छोटे काम कर रहे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी राजद की तरह, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक एक ऐसी पार्टी है जो सामाजिक न्याय में विश्वास करती है और ऐसी पार्टी के नेता के लिए ऐसी टिप्पणी करना अशोभनीय है।

राजद नेता ने कहा कि अगर डीएमके सांसद ने जातिगत अधर्मों को उजागर किया होता, अगर उन्होंने बताया होता कि केवल कुछ सामाजिक समूहों के लोग ही ऐसी खतरनाक नौकरियां लेते हैं, तो इसका कोई मतलब होता। उन्होंने कहा कि लेकिन बिहार और यूपी की पूरी आबादी के बारे में अपमानजनक बातें करना निंदनीय है। हम इसकी निंदा करते हैं। हमारा मानना है कि लोगों को देश के अन्य हिस्सों से आने वाले लोगों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए।

मस्जिद में अजान दे रहे रिटायर्ड एसएसपी की गोली मारकर हत्या

एजेंसी/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में एक रिटायर्ड एसएसपी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। संदिग्ध आतंकी गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गए। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर बताया है कि आतंकियों ने गांटमुला, शीरी बारामूला के रहने वाले मोहम्मद शफी के ऊपर हमला किया। रिटायर्ड एसएसपी के ऊपर गोलियां बरसाई गईं। उनके ऊपर ये हमला उस वक्त हुआ, जब वह मस्जिद में अजान दे रहे थे। गोली लगने की वजह से उनकी जान चली गई।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया है कि पूरे इलाके को घेर लिया गया है। लोगों से इस इलाके से दूर रहने को कहा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

वहीं, पुंछ में हुए आतंकी हमले को लेकर पूछताछ के लिए लाए गए तीन लोगों की मौत पर बवाल खड़ा हो गया है। सेना ने पूछताछ के लिए जिन तीन लोगों को बुलाया था, उनकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो भी सामने आए, जिनमें संदिग्धों को प्रताड़ित करते हुए दिखाया गया। वीडियो सामने आने के बाद से ही लोगों में काफी नाराजगी है। अभी तक इस मामले पर सेना और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों की तरफ से कुछ नहीं कहा गया है।

बीजेपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर 50% वोट शेयर हासिल करने का रखा टारगेट

एजेंसी/नई दिल्ली

साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक में बीजेपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर 50 फीसदी वोट शेयर हासिल करने का टारगेट रखा है। इसके साथ ही पार्टी नए वोटर्स को जोड़ने के लिए पूरे देश में अभियान चलाएगी। इतना ही नहीं 15 जनवरी के बाद बीजेपी क्लस्टर मीटिंग शुरू करेगी और युवा मोर्चा देशभर में 24 जनवरी से 5000 सम्मेलन आयोजित करेगा।

जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बैठक में सभी अधिकारियों से लोकसभा चुनाव में जीत का अंतर सुनिश्चित करने की बात कही है। इसके साथ ही देशभर की सभी लोकसभा को क्लस्टर में बांटा जाएगा और क्लस्टर मीटिंग होगी। इनमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बैठक में कहा गया है कि पार्टी के नेताओं को इस बात का इंतजार नहीं करना चाहिए कि कब उम्मीदवारों की लिस्ट का एलान होगा, बल्कि तैयारी अभी से ही शुरू कर देनी चाहिए। इसके साथ ही बीजेपी 1 जनवरी से राम मंदिर की तैयारियों को लेकर एक अभियान चलाने जा रही है, जिसके चलते पार्टी कार्यकर्ता गांव में घर-घर जाकर 10 करोड़ परिवारों को राम मंदिर के दिया प्रकाश कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।



दुनिया के सबसे बड़े मेले को भव्य और दिव्य बनाने में जुटी योगी सरकार

महाकुंभ से पहले प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर का होगा कायाकल्प

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

योगी सरकार 2025 में होने वाले महाकुंभ के अयोजन को यादगार बनाने में जुटी है। प्रयागराज में व्यापक स्तर पर परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इसी क्रम में महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर के कायाकल्प का भी प्रस्ताव है। बड़े हनुमान मंदिर को लेटे हनुमान का मंदिर भी कहा जाता है। स्थानीय लोगों के साथ ही हर वर्ष देश और विदेश से लाखों लोग यहां हनुमान जी की विस्मित कर देने वाली छटा के दर्शन करने आते हैं। अधिक भीड़ होने पर यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसलिए योगी सरकार ने महाकुंभ से पहले करीब 40 करोड़ की लागत से बड़े हनुमान मंदिर परिसर के कायाकल्प की योजना बनाई है। इसमें आसपास की जमीन को लीज पर लेकर मंदिर का विस्तार किया जाएगा। साथ ही पर्यटक सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

योगी सरकार महाकुंभ के रूप में दुनिया के सबसे बड़े मेले के अयोजन की मेजबानी करने जा रही है। सरकार की मंशा है की यह आयोजन इतना दिव्य और भव्य हो कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह यादगार बन जाए। इसी क्रम में महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही आसपास के धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों का भी विकास किया जा रहा है। लेटे हनुमान मंदिर के एक्जिक्यूशन प्लान को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीडीए) के तहत इंप्लीमेंट किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए हाई कोर्ट के रिटायर जस्टिस से लीगल ओपिनियन भी लिया गया है। योजना के तहत प्रयागराज मेला अथॉरिटी आसपास के इनक्रोच्ड एरिया को डिफेंस अथॉरिटी और कैंटोनमेंट बोर्ड से लॉन्ग टर्म के लिए लीज पर ले सकती है। इनक्रोच्ड एरिया का यूपी प्रयागराज मेला अथॉरिटी इलाहाबाद एक्ट 2017 के तहत उपयोग किया जा सकता है।

गर्भ गृह में एक समय में ज्यादा श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

मंदिर के ले आउट प्लान के अनुसार, मंदिर का प्रवेश द्वार मल्टीपल एग्जिट वाला होगा। आसान आवागमन और बेहतर भीड़ प्रबंधन के साथ भगदड़ से बचने के लिए गर्भ गृह के आसपास 30 मीटर की खुली जगह रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की भी पुख्ता व्यवस्था होगी। लाइन में लगकर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 9 मीटर का क्यू शेड भी लगाया जाएगा। एक समय में अधिक से अधिक लोगों को दर्शन कराने के लिए ओपन एयर थिएटर अवधारणा के साथ गर्भगृह का निर्माण किया आएगा। इसके अलावा परिसर में पुजारी स्थल, प्रसाद स्थल, यात्री शेड और भंडारा गृह भी होगा। सबसे पीछे की ओर एग्जिट डोर होगा। वीआईपी एंट्री और एग्जिट के साथ ही परिसर में बड़ी पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी।

40 से 48 करोड़ का खर्च: मंदिर परिसर में आने वाले लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाएगा। इसमें टॉयलेट, ड्रिंकिंग वाटर फैसिलिटी, शू रैक्स, साइनेज, बेंचेस जैसी आम जरूरत की चीजें भी होंगी। मंदिर परिसर के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए तय एस्टीमेट के अनुसार 40 करोड़ से 48 करोड़ रुपए तक के खर्च का अनुमान है। इस प्रोजेक्ट की समय सीमा 10 माह है।

घास काटने और 500 रुपए के भाड़े के विवाद में चली गयी दो की जान

गोडिहां दोहरा हत्याकांड

- गोडिहां गांव में पूर्व की दुश्मनी को लेकर भंडारे में हुई थी गोलीबारी
- दोनों पक्षों के 13 लोगों पर केस धरपकड़ में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/आरा

सहार थाना क्षेत्र के गोडिहां गांव में दो पक्षों के बीच घास काटने और महज पांच सौ रुपए के भाड़े के विवाद में दो लड़कों की गोली लगने से जान चली गयी। इनमें एक का तो विवाद चल रहा था, जबकि दूसरा प्रतिशोध में की गयी फायरिंग में गलती से गोली का शिकार हो गया। वह भी गांव के अन्य लोगों के साथ भंडारे में प्रसाद खाने आया था। पुलिस की अबतक की जांच में यह बात सामने आयी है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि अबतक की जांच में पता चला है कि गोडिहां गांव निवासी बिहारी यादव और जनेश्वर यादव के परिवार के बीच पूर्व में घास काटने और पिकअप कि पांच सौ रुपए भाड़ा नहीं देने को लेकर विवाद था। उसे लेकर पूर्व में मारपीट हुई थी और दोनों पक्ष द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई थी। हालांकि पिछले दो-तीन महीनों से दोनों पक्षों में कोई विवाद नहीं हुआ था। उसी पुरानी रंजिश को लेकर बिहारी यादव के भांजे ब्रजेश कुमार की शनिवार की शाम गांव में आयोजित भंडारे में खाने-पीने के दौरान बिहारी यादव के पुत्र लल्लू यादव से विवाद हो गया। उसी दौरान ब्रजेश कुमार द्वारा लल्लू यादव पर गोली चला दी गयी। उसकी बाद में इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। उसके प्रतिशोध में लल्लू यादव के चाचा छोटक यादव की ओर से मुख्य अभियुक्त ब्रजेश को पीछा करने के क्रम में घटनास्थल से कुछ दूर पर अंधेरे में गोली चला दी गयी। उससे गलतफहमी में कृष्णा महतो को गोली लग गयी। इलाज के सदर में अस्पताल में उसने भी दम तोड़ दिया।

एसपी ने बताया कि घटना के असली कारणों का पता लगाया जा रहा। तब भी पता किया जा रहा है इतनी छोटी बात को लेकर इतनी बड़ी घटना को अंजाम कैसे दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें कुल 13 लोगों को आरोपित किया गया है। कुछ अन्य अज्ञात भी आरोपित किये गये हैं। दोनों घटनाओं के अभियुक्तों का नाम और पता का सत्यापन कर लिया गया है। कुछ अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गयी है।

लल्लू की पत्नी का आरोप: केस सुलह नहीं करने पर हुई हत्या

गोडिहां गांव निवासी जनेश्वर यादव के पुत्र लल्लू यादव की केस सुलह नहीं करने पर उसकी पत्नी के सामने गोली मार हत्या कर दी गयी। लल्लू यादव की पत्नी कंचन देवी की ओर से दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव निवासी ब्रजेश कुमार सहित नौ लोगों को नामजद किया गया है। अन्य आरोपितों में गोडिहां गांव के निवासी अशोक यादव, मदन यादव, रविंद्र यादव, चंदन यादव, मिंटू यादव, लाल बहादुर यादव, विमल यादव और रामेश्वर यादव शामिल हैं। कंचन देवी की ओर से कहा गया है कि उसके पति का आरोपितों से विवाद था। केस भी था। शनिवार की शाम वह अपने पति लल्लू यादव के साथ भंडारे में प्रसाद खाने गयी थी। तभी सभी आरोपित हथियार के साथ पहुंचे और उसके पति को खोजने लगे। उसी दौरान रामेश्वर यादव ललकारने लगे कि जनेशरा के बेटा लल्लूआ को जान से मार दो ताकि सभी केस मुकदमा खत्म हो जाये।उस पर ब्रजेश कुमार और अशोक यादव द्वारा उसके पति को गोली मार दी गयी। उसके बाद आरोपित फायरिंग, गाली गलौज करते और धमकी देते भाग गये।

कृष्णा के पिता बोले: दरवाजे पर मारी गयी गोली: फायरिंग में मारे गए कृष्ण कुमार के पिता देव कुमार महतो के बयान पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें गोडिहां गांव निवासी जनेश्वर यादव, उसके भाई राजेश्वर यादव उर्फ छोटक यादव, रजनीश यादव और रोहित यादव उर्फ शिवलखन यादव को नामजद किया गया है। तीन चार अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। कहा गया है कि शनिवार की शाम करीब सात बजे वह अपने बेटे कृष्ण कुमार के साथ दरवाजे पर बैठे थे। उसी दौरान सभी आरोपित हथियार के साथ पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। उसी बीच रोहित यादव के ललकारने पर उसके पिता राजेश्वर यादव उर्फ छोटक यादव द्वारा उनके बेटे को गोली मार दी गयी।

दालान में सो रहे गोलीबारी में आरोपित की गोली मार हत्या

- कोईलवर थाना क्षेत्र के दुर्जन चक गांव की शनिवार की रात की घटना, सुबह मिली घरवालों को हत्या की सूचना
- परिजनों की ओर से पूर्व के जमीन विवाद में हत्या करने का लगाया जा रहा आरोप

केटी न्यूज/आरा

कोईलवर थाना क्षेत्र के दुर्जन चक गांव में रविवार की रात दालान में सो रहे एक बुजुर्ग की गोली मार हत्या कर दी गई। बुजुर्ग को काफी करीब से गोली मारी गयी है। रविवार सुबह उनके परिजनों को हत्या की खबर मिली। मृत बुजुर्ग दुर्जन चक गांव निवासी स्व.राम उगरा राय के 75 वर्षीय पुत्र साधू राय थे। वह पूर्व में उड़ीसा की एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। रिटायर होने के बाद करीब 20 वर्षों से गांव पर ही रहकर खेती बारी कर रहे थे। वह पूर्व में गोलीबारी के एक मामले में आरोपित रहे हैं और जेल भी जा चुके हैं।

हत्या का कारण पूर्व की दुश्मनी बतायी जा रही है। इधर, रविवार की अहले सुबह हत्या की घटना से गांव में सनसनी मच गई है। सूचना मिलने पर एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में इंस्पेक्टर गौतम कुमार एवं थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सहित अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। अफसरों ने परिजनों से भी घटना की जानकारी ली। बाद में फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची और अपने स्तर से तफ्तीश की। उसके बाद टीम साक्ष्य कलेक्ट कर लौट गयी। बताया जा रहा है बुजुर्ग साधु राय रोज की तरह शनिवार की रात अपने दालान में सोये थे। तभी उनकी गोली मार कर हत्या कर दी गयी। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शनिवार की रात दुर्जन चक गांव में साधु राय नामक व्यक्ति की की सोए अवस्था में गोली मारकर हत्या कर देने का मामला आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि साधु राय हमेशा घर के बाहर ही सामने सोते थे। रात में भी सोए वहीं सोये थे। उसी बीच किसी द्वारा रात में गोली मार दी गई। परिजनों द्वारा गांव में पूर्व से चल रहे विवाद में कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना का उद्भेदन करने के वैज्ञानिक ढंग से अनुसंधान किया जा रहा है। उसके लिए एफएसएल की टीम भी बुलायी गई है। वरिष्ठ अधिकारी घटना के सही कारणों का पता लगा रहे हैं। जल्द ही अभियुक्त का पता कर गिरफ्तारी की जाएगी।

खबरें फटाफट

फरार अभियुक्त के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

औरंगाबाद। सोने की चेन छिनतई मामले में फरार एक आरोपित के घर पर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया है और आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई नगर थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के अहरी निवासी शक्ति महतो के घर पर की गई। आरोपित का पैतृक घर मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज गांव में पड़ता है। विदित हो कि गत 18 दिसंबर को ब्लॉक कॉलोनी स्थित अपने आवास पर सिविल कोर्ट के एसीजेएम वन सौरभ सिंह की मां रीता सिंह बच्चों के साथ बैठी हुई थीं। इसी क्रम में दो अज्ञात बाइक सवार बदमाश उनके गले से सोने की चेन छीन फरार हो गए थे।

अश्लील तस्वीर वायरल करने का आरोपित धराया

औरंगाबाद। सोशल मीडिया पर अश्लील तस्वीर वायरल करने के आरोप में एक अभियुक्त को मुफ्फसिल थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया अभियुक्त एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के झिकटिया गांव निवासी अविनाश कुमार हैं। इसके विरुद्ध एक लड़की के परिजनों ने 01.10.23 को मामला दर्ज करवाया था।

डकैती और पुलिस पर फायरिंग समेत अन्य कांडों में थी वांछित अपराधी की तलाश

दुकानदार को गोली मारने में वांछित भोजपुर का टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

- मोबाइल के विवाद में सिकरहट्टा थाने के चकिया गांव में घर में घुसकर मारी थी दुकानदार को गोली
- पीरो एसडीपीओ के नेतृत्व में बिहिया चौरास्ता से पुलिस ने वांटेड को दबोचा

केटी न्यूज/आरा

सिकरहट्टा थाने की पुलिस ने मोबाइल दुकानदार को गोली मरने में वांटेड जिले के एक टॉप टेन अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के राजमहलडीह गांव निवासी हरि किशुन सिंह का पुत्र राकेश सिंह है। शनिवार की रात उसे बिहिया चौरास्ता के समीप से गिरफ्तार किया गया है। उसकी डकैती, पुलिस पर फायरिंग और आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में भी तलाश थी।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मोबाइल बनाने के विवाद में अगस्त माह में राकेश कुमार द्वारा अपने साथियों को साथ चकिया गांव निवासी दुकानदार विनय कुमार शर्मा को गोली मार दी गयी थी। उस मामले में उसके खिलाफ सिकरहट्टा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद से वह फरार चल रहा था। उसके खिलाफ पूर्व से पीरो और चौरी थाने में डकैती और पुलिस पर फायरिंग सहित तीन केस दर्ज थे। वह जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। शनिवार की रात पुलिस को राकेश सिंह के बिहिया चौरास्ता के पास होने की सूचना मिली। उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा छापेमारी कर उसे बिहिया चौरास्ता से गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी में सिकरहट्टा थानाध्यक्ष पवन कुमार और डीआईयू की टीम शामिल थी।

धमकी देने के बाद घर में घुसकर मारी थी दुकानदार को गोली

पुलिस के अनुसार सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के राजमहल डीह गांव निवासी राकेश सिंह ने अगस्त माह में चकिया गांव निवासी विनय शर्मा को मोबाइल बनाने के लिए दिया था। विनय शर्मा की मोबाइल को रिपेयरिंग की दुकान हैं। वह पूर्व में बीडीसी मेंबर पद के लिए चुनाव भी लड़ चुके थे। कुछ दिन के बाद विनय शर्मा ने मोबाइल रिपेयर कर राकेश सिंह को वापस कर दिया था। उसी के पैसे को लेकर 18 अगस्त को दोनों के बीच नोंकझोंक हुई थी। तब राकेश सिंह द्वारा विनय शर्मा को धमकी दी गयी थी। उसके कुछ देर के बाद ही राकेश सिंह चकिया गांव पहुंच गया और घर में घुसकर विनय शर्मा को गोली मार दी थी।

औरंगाबाद: आमने-सामने की जोरदार टक्कर में ट्रक व पिकअप चालक की मौत

औरंगाबाद। राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रविवार की अहले सुबह ट्रक व पिकअप की टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ट्रक चालक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी 38 वर्षीय नागेंद्र यादव एवं पिकअप चालक की पहचान पश्चिमी चंपारण के मुफस्सिल बेतिया थाना क्षेत्र के सेखौना मठ दक्षिण टोला निवासी सूरज राम के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान नागेंद्र के परिजनों ने बताया कि नागेंद्र ट्रक चालक था। औरंगाबाद के जसोईया मोड़ स्थित सीमेंट प्लांट से रविवार की अहले सुबह ट्रक से सीमेंट लेकर अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन स्थित रेख पॉइंट पर जा रहा था। जैसे ही खैरी मोड़ के समीप पहुंचा की दाउदनगर से औरंगाबाद की तरफ जा रही सब्जी लदी पिकअप से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान दोनों वाहनों के चालकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को दी। सूचना के बाद मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजू कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों चालकों को बाहर निकाल कर सदर अस्पताल पहुंचाया।

एक नजर

जहानाबाद में आपसी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

जहानाबाद। आपसी विवाद में एक व्यक्ति की गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक व्यक्ति की पहचान परस बिगहा थाना क्षेत्र के हृदय चक गांव निवासी रामप्यारे बिंद के रूप में हुई है। मृतक के भाई रामानंद बिंद ने बताया कि मेरे भाई के मेरे घर में छठी का कार्यक्रम था इसी के सामान लाने के लिए शनिवार को शाम नेहालपुर बाजार गया था। जब देर रात्रि तक घर वापस नहीं लौटा तो हम लोग खोजबीन करने लगे तभी हम लोगों को पता चला कि नेहालपुर मुसहरी के समीप झाड़ी में मेरे भाई की हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। जब हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देख की मेरे भाई की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मेरे गांव के ही धनंजय बिद से कई सालों से विवाद चल रहा था 5 साल पूर्व धनंजय बिंद के एक दोस्त की हत्या हुई थी। जिसमें हम लोगों को अभियुक्त बनाया गया था इसी रंजिश के कारण हमारे भाई की हत्या उन लोगों द्वारा की गई है। इस घटना की सूचना स्थानीय थाने के पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल जहानाबाद भेज दिया परस बिगहा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह बताया कि एक व्यक्ति की हत्या की सूचना दी गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है और इसकी जांच कि रही है जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की घटना का कारण क्या है। और इसकी हत्या कैसे हुई है सभी बिंदु पर पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस को आग लगने की गलत जानकारी देना शराबी को पड़ा महंगा, पहुंचा हवालात

जहानाबाद। घोसी पुलिस रविवार को घंटों हलकान रही। दरअसल पुलिस को भखरा के समीप आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद आनन-फानन में दमकल के साथ पुलिस भखरा गांव पहुंची, जहां आग लगने की खबर झूठी निकली। दरअसल भखरा निवासी उमेश राम द्वारा 112 नंबर पर डायल कर धान के पुंज में आग लगने की जानकारी दी गई थी जिसके बाद कंट्रोल रूम के निर्देश के आलोक में 112 नंबर की पुलिस भखरा गांव पहुंची तो पुलिस को पता चला कि आग लगने की खबर गलत है। इसके बाद पुलिस उमेश राम के मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर उसे गिरफ्तार कर थाना लेकर आयी। इस सिलसिले में एएसआई धीरज पासवान ने बताया कि पुलिस को गलत सूचना दी गई थी। वहीं कंट्रोल रूम के कर्मी के साथ भी शराबी ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाना लाई है। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि डॉक्टर ने गिरफ्तार व्यक्ति की शराब पीने की पुष्टि की है।

इंद्रपुरी बराज में डूबने से सहया गांव के युवक की मौत, मातम

केटी न्यूज/औरंगाबाद

नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी बराज में डूबने से एक 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सहया गांव निवासी बालकेश्वर सिंह के पुत्र ब्रजेश कुमार के रूप में हुई है। रविवार की शाम सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि ब्रजेश रविवार की सुबह बाइक से घूमने के लिए इंद्रपुरी बराज गया था।

ऐसी आशंकाएं जताई जा रही है कि बराज के समीप बैठकर हाथ धोते समय उसका पैर फिसल गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि उसका मोबाइल बराज के पास ही पड़ा हुआ था। जब आस-पास के लोगों ने देखा तो फोन से घटना की सूचना परिजनों व स्थानीय पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय मल्लाहों के माध्यम से शव को बराज बाहर निकाला। शव देखते ही परिजन चीत्कार कर उठे। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई तथा शव परिजनों को सौंप दिया। इधर पता चला कि मृतक ब्रजेश के एक बेटा व एक बेटी है, नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इंद्रपुरी बराज में डूबने से एक अधेड़ की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हसपुरा के काजी बिगहा में मंदिर में मांस का टुकड़ा मिलने के बाद दो समुदाय में तनाव

केटी न्यूज/औरंगाबाद

हसपुरा थाना क्षेत्र के काजी बिगहा में कुछ असामाजिक तत्वों ने शनिवार को सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की। हालांकि पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए असामाजिक तत्वों की साजिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान उस गांव के मंदिर परिसर से तत्काल आपत्तिजनक सामग्री के अवशेष को हटा लिया गया। वहीं घटना की सही जानकारी देने वाले को ज़िला प्रशासन ने 25 हजार रुपए इनाम की घोषणा की है।

विदित हो कि उस गांव के मंदिर के बरामदे आपत्तिजनक सामग्री के टुकड़े को लाकर रख दिया गया था। यह बात ग्रामीणों के बीच धीरे-धीरे फैल गई जिससे दो समुदायों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जिस पर आक्रोशितों ने जमकर विरोध जताया। हालांकि प्रशासन को जैसे ही पता चला कि दो समुदायों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। पुलिस पदाधिकारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों समुदाय के लोगों से बातचीत कर मामले को शांत कराया। रविवार को डीएम श्रीकांत शास्त्री एवं एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम घटना स्थल पर पहुंचे और यथास्थिति का जायजा लिया। मौके पर डीएम-एसपी ने लोगों से शांति की अपील की हैं। मामले के उद्भेदन को लेकर पुलिस सीसीटीवी की जांच कर रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

डीएम-एसपी ने लोगों से की शांति की अपील

एसडीपीओ ने थाना की वार्षिक समीक्षा की

औरंगाबाद। एसडीपीओ अमानतुल्लाह खान ने रविवार को अंबा थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराधिक रिकॉर्ड पंजी, निरीक्षण पंजी, डायरी, निर्गत पंजी, प्राप्त पंजी, गुंडों की सूची, सिरिस्ता, तख्ती, शस्त्र पंजी एवं लंबित कांडों की समीक्षा की और निर्देश दिया कि जल्द से जल्द लंबित बिन्दुओं पर अनुसंधान पूर्ण कर कांडों का निष्पादन करें।

वाणावर महोत्सव का मंत्री, सांसद व विधायक ने किया उद्घाटन, रंगारग कार्यक्रम से सजी शाम

वाणावर क्षेत्र के विकास को लेकर संकल्पित है सरकार: मंत्री रत्नेश सदा

केटी न्यूज/जहानाबाद

वाणावर में विकास करने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है। बिहार के सभी पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। वाणावर पहाड़ का चौमुखी विकास किया जाएगा। पहाड़ी इलाका में जो कार्य अब तक नही हुआ है उसे लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर बात करेंगे। वाणावर पहाड़ को विकसित होने से कोई नही रोक सकता। इस स्थल पर बौद्ध,जैन एवं सनातन धर्म का इतिहास गवाह है। उक्त बातें जिले के प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा ने रविवार को वाणावर महोत्सव के उद्घाटन के दौरान कहीं। मंत्री ने कहा के पहाड़ी इलाका को सरकार विकसित कर रही है और आने वाले दिनों में पहाड़ी इलाके में हर सुविधा बहाल होगी। उन्होंने कहा वाणावर हमारे लिए गौरव के साथ जुड़ा हुआ है। वाणावर का इतिहास काफी पुराना है,इसकी महत्ता शिव पुराण में बख़्यान है। यहां लोग आस्था एवं श्रद्धा के साथ आते हैं। और पहाड़ी इलाका के अनुपम छटा को निहारते हैं। हमारी सरकार के द्वारा पर्यटन थाना, सड़क लाइट, रोपवे समेत कई काम किए गए हैं। वहीं आने वाले दिनों में वाणावर पहाड़ में कई विकास के कार्य पूरा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने जो वाणावर का सपना देखा है वह जरूर पूरा होगा। पहाड़ी इलाके में हर तरह की सुविधाएं बहाल कराई जाएंगी। उन्होंने कहा हम मुख्यमंत्री से मिलकर महोत्सव को तीन दिवसीय कराने का अनुरोध करेंगे। साथ ही पहाड़ी इलाका को सुंदर बनाया जाएगा। इसके पूर्व प्रभारी मंत्री रत्नेश सदा, सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, जहानाबाद विधायक सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश कुमार, राज्य महिला आयोग के सदस्य प्रभावती मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष रानी कुमारी ,डीएम रिची पांडे ने संयुक्त रूप से महोत्सव का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। वहीं कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को जिलाधिकारी रिची पांडे ने पौधा,अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। वही जिलाधिकारी ने वाणावर की गौरव पर चर्चा करते हुए समुचित विकास की जानकारी दी।

जिस विषय में बच्चों की रुचि हो, उसे उसी तरफ बढ़ने दें: अमरेंद्र राजेश

♦ सोनवर्षा के द एमिटी स्कूल और एमडीजे पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

केटी न्यूज/नावानगर

सोनवर्षा के द एमिटी स्कूल एवं एमडीजे पब्लिक स्कूल में रविवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों विद्यालय के छात्रों ने सभी विषयों पर एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी हुनर दिखाया। जिसे देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए थे। द एमिटी स्कूल के विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश ने किया। वहीं एमडीजे पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन पीरो बीडीओ सुनील कुमार गौतम, विशिष्ट अतिथि मेजर राणा प्रताप सिंह, इंजीनियर संजय शुक्ला, जिप सदस्य जिप्स आनंद व राजीव कुमार, सोनवर्षा ओपीध्यक्ष निशा रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों को विद्यालय के डायरेक्टर नंद कुमार द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरीय शिक्षक मुन्ना कुमार ने किया। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव, प्रोफेसर शोभनाथ गुप्ता, मुखिया श्रीनाथ प्रसाद, केके मंडल कॉलेज के प्राचार्य सुदामा प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य रीता देवी, शिक्षण कृष्ण कुमार विमल, श्याम बाबू जी, नेता वकील सिंह, जिला परिषद प्रत्याशी रमाकांत सिंह उर्फ बबुआ जी, मोहम्मद कलामुद्दीन, मृत्युंजय ओझा व अन्य लोग मौजूद थे।

छात्रों द्वारा सभी विषयों पर तैयार की गई प्रोजेक्ट को लोगों ने की प्रशंसा: विद्यालय के छात्रों द्वारा सभी विषयों पर तैयार किया गया प्रोजेक्ट को लोगों ने खूब प्रशंसा की। छात्रों ने एक से बढ़कर एक स्वचालित मॉडल्स, प्रोजेक्ट्स एवं कलाकृतियां तैयार की थी। जिसमें चंद्रयान-3, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, एटीएम मशीन, चिड़ियाघर, वन्य जीव अभयारण्य समेत अन्य था।

द एमिटी स्कूल के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश ने अभिभावकों को संदेश दिया। कहा कि बच्चे कक्षा 10 तक सभी विषयों के प्रति रुचि रखें। इसके आगे कक्षा की पढ़ाई में बच्चों को रुचि के अनुसार शिक्षा दें। इससे बच्चे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। वहीं एमडीजे पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नंदकुमार ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम बच्चों को अपनी सोच एवं हुनर दिखाने का मौका मिलता है।

एक नजर

अयोध्या से आए पूजित अक्षत का घर-घर वितरण करवाएगी विश्व हिन्दू परिषद

डुमरांव। रविवार को नगर के लंगटू महादेव मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विकास कुमार ने की। इस बैठक में राम मंदिर निर्माण के संकल्प के दौरान पूजित अक्षत को डुमरांव शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। कार्यकताओं ने कहा कि यह गर्व की बात है कि अयोध्या में राम लला का मंदिर बनकर तैयार हो गया है। सभी सनातनी भाईयों के लिए यह खुशी का पल है। वहां से जो पूजित अक्षत आया है, उसे सभी हिंदू भाईयों के घर घर पहुंचाया जाएगा। बैठक में सदस्यों के बीच वार्डो का बंटवारा भी किया गया। सदस्य अपने अपने निर्धारित वार्डों में घर घर जा लोगों को अयोध्या से आए पूजित अक्षत देंगे। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष चुनमुन वर्मा, जितेंद्र केशरी, प्रखंड संयोजक संटू मित्रा, राजीव गुप्ता, अजित कुमार, सुनील सिद्धार्थ, निहार रंजन, सुधीर, भिखारी, कंचन वर्मा, प्रो अर्चना, पवन जायसवाल, रमेश केशरी, पवन बजाज, दीपक यादव, सोनू राय, सुजीत सिंह, शुभम सिन्हा समेत कई अन्य उपस्थित थे।

केक काटकर काली आश्रम के सदस्यों ने मनाया महाराज कुमार मान विजय का जन्मोत्सव

डुमरांव। स्थानीय काली आश्रम परिसर में केक काटकर महाराज कुमार मान विजय सिंह का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान मानवता की सेवा करते हुए काली आश्रम नगर पंचित के सदस्यों ने 501 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता काली आश्रम समिति के अध्यक्ष समाजसेवी भगवानजी वर्मा और संचालन पूर्व पार्षद सोनू राय ने किया। समारोह के दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीरेंद्र राम, डॉ शैलेश श्रीवास्तव, समाजसेवी राज सिंह, नंदजी सिंह, विनोद वर्मा, मिथिलेश राय सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित किया। मौके पर बंधन वर्मा, सुजीत कुमार, अमित कुमार, संतोष गुप्ता, रोहित केशरी, बरमेश्वर मिश्र सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

स्वच्छता अभियान में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित हुए केसठ बीडीओ

केसठ। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत प्रखंड के विभिन्न पंचायती में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को डीडीसी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान केसठ प्रखंड के बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को डीडीसी डॉ महेन्द्र पाल ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। बीडीओ ने कहा कि जिले में स्वच्छता में अव्वल स्थान लाने में ग्रामीण जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि का काफी सक्रिय सहयोग मिला है। उन्होंने ग्रामीण जनप्रतिनिधि और स्वच्छता पर्यवेक्षकों तथा स्वच्छता कर्मियों को धन्यवाद दिया।

खबरें फटाफट

10 दिन से गायब वृद्ध का मिला कंकाल

कृष्णाब्रह्म। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवां गांव से 10 दिन पहले गायब हुए एक 85 वर्षीय वृद्ध का कंकाल गांव के उत्तर स्थित अहरी से मिला है। कंकाल के पास ही उनका कपड़ा व चप्पल भी मिला है। इसकी जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। वही स्थानीय पुलिस ने उक्त नर कंकाल को बरामद कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार सोवां के 85 वर्षीय गुप्तेश्वर महतो मानसिक रूप से विक्षिप्त थे तथा 13 दिसंबर को अचानक घर से गायब हो गए थे। इस मामले में उनके पुत्र नंदजी महतो ने स्थानीय थाने में उनके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस अभी उनकी तलाश कर ही रही थी कि किसी ने गांव के उत्तर स्थित अहरी में एक कंकाल मिलने की जानकारी दी।

मोबाइल दुकान में हजारों की चोरी

ब्रह्मपुर। नैनीजोर थाना क्षेत्र के महुआर गांव के समीप स्थित राधिका मोबाइल दुकान से चोरों ने हजारों रुपए के सामान की चोरी कर ली है। जानकारी के अनुसार दुकानदार राजू सिंह मोबाइल और इलेक्ट्रिक की दुकान महुआर में चलाते हैं। वे दो दिन से किसी काम से बाहर चले गए थे, इसी बीच चोरों ने मोबाइल दुकान के ऊपर लगे टीन के शेड को उठाकर दुकान में घुस गए और कीमती सामान ले भागे। रविवार को जब दुकानदार दुकान को खोला तो देखा कि उसमें सामान तीतर बितर है और सामान गायब है। तब जाकर उसे चोरी की बात समझ में आई। इसकी जानकारी दुकानदार द्वारा अगल-बगल के लोगों तथा स्थानीय थाने को दी।

वैन की टक्कर से बच्ची की मौत

नावानगर। सोनवर्षा ओपी के समौसर गांव के पुल के पास अनियंत्रित पिकअप वैन की चपेट में आने से एक बच्ची की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बच्ची नोनफर गांव के राजेश सिंह की 9 वर्षीय पुत्री गुड़िया कुमारी है। इधर घटना की सूचना पर पहुंचे सोनवर्षा ओपी पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया है।

तिरंगे व कृषि उपकरणों के साथ किसानों ने निकाला आक्रोश मार्च

प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगा चौसा में फिर सड़क पर उतरे किसान

केटी न्यूज/चौसा

चौसा में एक बार फिर से किसानों का आंदोलन उग्र होने लगा है। पिछले दो महीने तक प्रशासन के आश्वासन पर शांत रहे किसानों ने अब अपने आंदोलन को धार देना शुरू कर दिया है। रविवार को इसी कड़ी में सैकड़ो महिला व पुरूष किसानों ने हाथों में तिरंगा व कृषि उपकरण लिए आक्रोश मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च बनारपुर से शुरू हुआ तथा थर्मल पॉवर के मुख्य गेट होते हुए सरेंजा तक गया। वहां से फिर धरना स्थल मुरा बाबा के पास लौट आया। इधर किसानों के इस आक्रोश मार्च तथा पूर्व की घटनाओं को देखते हुए भारी संख्या में प्रशासन की टीम मौजूद थी। बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र व सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में कुल छह थानों की टीम वहां कैंप करती रही। थर्मल पॉवर के मुख्य गेट पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। लेकिन किसानों ने आक्रोश मार्च के दौरान हिंसक रूख नहीं अपनाया। जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। मौके पर स्थानीय मुफस्सिल थाने के अलावे नगर थाना, औद्योगिक, राजपुर, धनसोई, इटाढ़ी तथा डीआईयू के पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

अक्टूबर में किसानों ने किया था मुख्य गेट को जाम

बता दें कि अपनी मांगों के समर्थन में किसानों ने अक्टूबर थर्मल पॉवर प्लांट के मुख्य गेट को करीब एक सप्ताह तक जाम किया था। जहां प्रशासन ने इनकी कुछ मांगो पर सहमति व अन्य मांगों को समन्वय समिति की बैठक में रख डेढ़ माह के अंदर उनके स्तर के मामले को सुलझाने का आश्वासन दे किसानों का धरना समाप्त कराया था। लेकिन समय बीतने के बावजूद किसानों को आश्वासन के अनुरूप कुछ भी नहीं मिला। जिससे उनके सब्र का बांध टूटने लगा है। किसानों ने बताया कि प्रशासन का दिया गया आश्वासन के दो माह बीतने को है। लेकिन, उनकी समस्या का समाधान न हो सका। इसलिए वे आक्रोश मार्च निकाल यह जताया है कि उनका मामला नहीं सुलझा अब आगे फिर गेट को जाम किया जाएगा। किसानों ने कहा कि बगैर मुआवजा बढ़ाए और आर एंड आर पॉलिसी लागू किए बिना अपनी जमीन पर कार्य नहीं कराने देंगे।

किसानों के आंदोलन से प्रभावित हो रहा निर्माण कार्य

किसानों के इस तेवर से कंपनी प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई है। गौरतलब है कि किसानों के बार बार के आंदोलन से 1320 मेगावॉट के थर्मल पॉवर प्लांट का निर्माण कार्य कई बार ठप हो चुका है। जिस कारण कंपनी प्रशासन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। वही पूर्व में किसानों के हिंसक आंदोलन में बड़े पैमाने पर आगजनी हुई थी। दर्जनों वाहनों को तोड़ा गया था। जिससे कंपनी को पहले ही करोड़ो का नुकसान पहुंच चुका है। यही कारण है कि किसानों के हिंसक रूख को भांप कंपनी प्रशासन ने तत्काल जिला प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

क्या कहते हैं एसडीओ

किसान और प्रशासन के बीच बैठक काफी सकारात्मक रही है। अगर आगे भी किसान बैठते हैं तो एक के बाद एक मामलों को सुलझाने का प्रयास किया ही जाएगा। हिंसक रूख अख्तियार करने तथा कंपनी के संपति को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई होगी।

- धीरेन्द्र कुमार मिश्र, एसडीओ, बक्सर

पुलिस को देख शराब लदी कार को रास्ते में छोड़ भागे तस्कर

केटी न्यूज/डुमरांव

पुलिस की सक्रियता के बाद भी जिले में शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल यह है कि प्रतिदिन कहीं ना कहीं शराब की खेप पकड़ी जा रही हैं। ताजा मामला डुमरांव थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर 243 लीटर विदेशी शराब बरामद करने में कामयाबी पायी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के एकौनी गांव के समीप तस्कर एक कर पर शराब की बड़ी खेप कहीं ले जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान भनक मिलते ही तस्कर शराब लदी कार छोड़ अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब हो गये। जब पुलिस ने बीच सड़क पर खड़ी एक कार जिसका नंबर एचआर 26ए एन 8626 की तलाशी ली तो डिक्की में छुपाकर रखे गये कुल 22 काटूर्नों में 1056 फ्रूटी पैक के अलावे बोरियों मे 272 एवं 750 एमएल के पांच बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर फरार शराब तस्करों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर उजले रंग की मारुति सुजुकी कार से शराब की बड़ी खेप बरामद हुई है। हालांकि पुलिस को देखते ही और अंधेरे का फायदा उठाते हुए तस्कर शराब लदी गाड़ी छोड़कर फरार हो गये। पुलिस जब्त कार नंबर के आधार पर शराबबंदी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद फरार धंधेबाजों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि फरार तस्करों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

नाजिरगंज में मामूली बात पर भिड़े दो पक्ष, कई लोग जख्मी

♦ दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर लगाया मारपीट व रूपए छीनने का आरोप

केटी न्यूज/डुमरांव

कोरानसराय थाना क्षेत्र के नाजिरगंज गांव में मामूली बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के चार लोग जख्मी हुए हैं। वहीं दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर मारपीट व रूपए छीनने का आरोप लगाया है।

मिली जानकारी के अनुसार एक पक्ष के लालबाबू सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह अपने ट्रैक्टर पर धान का बोझ लाद उसे खलिहान में रखने जा रहा था तभी गांव के ही अरविंद सिंह का पुत्र गोलू कुमार साइकिल चलाते हुए बार बार मेरे ट्रैक्टर के आगे आ जा रहा था। मैनें उसे मना किया कि ट्रैक्टर के आगे मत आओ नहीं तो एक्सिडेंट हो सकता है। लेकिन वह नहीं माना। तब मैं ट्रैक्टर खड़ी कर उसके पिता से उलाहना देने गया। लेकिन उसके पिता अपने परिजनों को मुझे मारने के लिए ललकारने लगे। तब अरविंद के साथ ही उसके बेटे गोलू, जहेन्द्र सिंह आदि ने मिलकर लाठी डंडे व रॉड से मेरी पिटाई शुरू कर दी। आरोपियों ने मेरे पॉकेट से 5500 रूपए भी निकाल लिया। वहीं मेरा भतीजा अजीत कुमार बीच बचाव करने आया तो उसे भी पीटा गया।

वही दूसरे पक्ष के अरविंद सिंह ने भी दूसरे पक्ष के कमलेश सिंह, दयाशंकर सिंह समेत पांच पर लाठी डंडे से पिटने, पिलास से नाखून उखाडने, पॉकेट से तीन हजार रूपए तथा गले से सोने का महावीरी लॉकेट छिनने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों का आवेदन दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

राज हाईस्कूल के खेल मैदान में रिलायंस सीनियर और रिलायंस जूनियर के बीच हुआ क्रिकेट मैच

अमित और अभिषेक की बदौलत रिलायंस सीनियर जीता

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव राज हाईस्कूल के खेल मैदान में रविवार को रिलायंस सीनियर वर्सेस रिलायंस जूनियर के बीच टेनिस बॉल क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। शिव शक्ति बिल्डिंग मटेरियल द्वारा आयोजित इस मैच में रिलांयस सीनियर ने उम्र को मात देते हुए रिलायंस जूनियर को 29 रनों से हरा दिया। सीनियर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 15 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 127 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सीनियर की ओर से अमित चौरसिया ने 43 गेदों पर 47 रनों की पारी खेली। इसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल रहे। इसके अलावा अमित पाठक ने 17 रन व अभिषेक जायसवाल 14 रनों का योगदान दिया। जूनियर की ओर से नौशाद हैदरी ने 3 ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिये। वहीं सत्यम गुप्ता ने 3 ओवर में 14 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जूनियर टीम निर्धारित 15 ओवरों में छह विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी। जूनियर की ओर से नौशाद ने 27 रन, और सत्यम ने 16 रनों की पारी खेली। हालांकि उनका यह रन जीत दिलाने के लिए काफी नहीं रहा। वहीं सीनियर की ओर से अभिषेक जायसवाल ने शानदार बॉलिंग करते हुए 18 रन देकर तीन विकेट लिये। वहीं अमित पाठक को एक विकेट मिला। मैच में शानदार बैटिंग करने वाले सीनियर टीम के अमित चौरसिया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रौनियार वैश्य समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, रेड क्रॉस के पूर्व सचिव मोहन गुप्ता, अजय गुप्ता, अखिलेश केशरी ने मैच का उदघाटन किया। इस मौके पर टिंकू गुप्ता, चंदन सिंह, सत्यानंद पांडे, छोटे पठान, सज्जाद, हैप्पी सिंह, अमित भारद्वाज व अन्य उपस्थित थे।

प्रभु श्रीराम की चरण से हुआ था माता अहिल्या का उद्धार

केटी न्यूज/गाजीपुर

♦ गुरु वशिष्ठ ने श्रृंगी ऋषि के माध्यम से यज्ञ कराया, जिससे चार पुत्रों का जन्म

देवकली में आयोजित मानस सम्मेलन के चौथे दिन झांसी से आए हुए पं विनोद शास्त्री महाराज ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के पास जाकर राजा दशरथ ने अपनी ब्यथा सुनाई तो गुरु वशिष्ठ ने श्रृंगी ऋषि के माध्यम से यज्ञ कराया जिससे चार पुत्र हुए। हवन से निकली खीर चारो रानियों को दिया गया। रानी सुमित्रा की खीर चिल्ह लें जाकर अंजना के आंचल में गिरा दिया। जिससे श्रीहनुमान का जन्म हुआ, जो पांचवें भाई के रुप में माने जाते हैं। श्रीशास्त्री जी ने कहा जनकपुर जाते समय श्रीराम ने अहिल्या उध्दार के समय हवा के झोंके से चरण रज शिला पर गिरा जिससे शिला से अहिल्या का उध्दार हुआ। जनकपुर जाकर गुरु के आदेश से धनुष तोड़ा जिससे सीता का श्रीराम के साथ विवाह हुआ। श्रीराम विवाह परे विस्तृत प्रकाश डाला। गीत, गारी, भजन से पुरा पांडाल झूम उठा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने कभी भी अपने को देवत्व नहीं माना था। बल्कि वह मनुष्य के रूप में अपने आप को

प्रस्तुत किया था। उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा कि तत्पश्चात लक्ष्मण के दण्डवत होने पर श्रीराम के झुकते ही मां सीता ने गले में जयमाल डाला। उन्होंने यह दिखाया था कि किसी भी परिस्थिति में किसी भी मनुष्य को अपना आचार -विचार नहीं बदलना चाहिये। जो व्यक्ति सदआचरण पर रहता है। ईश्वर सदैव उसके साथ रहते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोग थोड़े से लालच के लिए दूसरे का बुरा करने लगते है। लेकिन, किसी भी व्यक्ति को परेशान करने की परिणती कुछ समय बाद उसके सामने आने लगती है। तब वहीं मनुष्य ईश्वर के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना करता है और कहता है कि हे प्रभु मैंने किसी का क्या बिगाड़ा था कि मुझे इसकी सजा मिल रही है। इस अवसर पर श्रीराम विवाह की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार मौर्य, दयाराम गुप्ता, अर्जुन पांडेय, अशोक कुशवाहा, अवधेश मौर्य, रामनरेश मौर्य, उमाशंकर मौर्य, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सोनू तिवारी, प्रमोद मौर्य, रामवृक्ष मौर्य, रामकुवंर शर्मा आदि लोग प्रमुख रुप से मौजूद थे। अध्यक्षता प्रभुनाथ पांडेय व संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया।

प्रवचन का कार्य 26 दिसंबर तक प्रतिदिन सायं पांच बजे से रात्रि नौ बजे के बीच चलेगा। प्रवचन के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये है।

खबरें फटाफट

पशु आरोग्य मेले में जुटे पशुपालक

मऊ। विकास खंड रतनपुरा के गड़वां गांव में अरविंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में रविवार को पं.दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालको ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नवीन कुमार तथा राजकीय पशु चिकित्सालय जमीन सहरुल्लाह के चिकिसकों की टीम ने मेले में जुटे पशुपालकों को पशुओं की देखभाल एवं उन्हें होने वाले विभिन्न रोगों से बचाव एवं ईलाज के बारे में जानकारी दिया। पशु मेले में जलज कुमार सिंह, शिवम मिश्रा, सिंटू मिश्रा, ओम प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

बिहार की टीम ने जीता कबड्डी का खिताब

चंदौली। क्षेत्र के कोरी गांव स्थित रविदास पार्क में सावित्री फुलेबाई की स्मृति में कबड्डी टूनामेंट का आयोजन किया गया। इसमें बिहार की टीम ने मुगलसराय को 17 अंकों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रविदास पार्क कोरी में पांच दिवसीय नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमें बिहार व मुगलसराय के बीच कबड्डी मैच खेला गया। कड़े मुकाबले के बाद मुगलसराय 30 व बिहार की टीम ने 57 पॉइंट बनाये। इस प्रकार 17 पॉइंट से बिहार की टीम विजेता रही । प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रेवसा के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र भारती ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल-खेल भावना से खेलने चाहिए।

अवैध निर्माण के खिलाफ हुई सख्त कारवाई

मऊ। तहसील घोसी स्थित मोहल्ले मदापुर इस्लाम परती के एसडीएम रोड पर स्थित गयास आलम पुत्र स्वर्गीय शब्बीर के निमार्णाधीन अवैध भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ की गई।ज्ञातव्य है कि गयास आलम पुत्र स्वर्गीय शब्बीर द्वारा नियत प्राधिकारी उप डीएम घोसी कार्यालय से आवासीय नक्शा पास करने के उपरांत वहां पर कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। इस संबंध में नियत प्राधिकारी द्वारा गयास आलम को नोटिस प्रेषित गई थी। इसके उपरांत आरबीओ एक्ट की धारा 10 के तहत स्वीकृत नक्शे के विपरीत भवन निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए गए थे।

राजतंत्र लाना चाहती है सरकार: शमीम

बलिया। 141 सांसदों को निलंबित किए जाने के मुद्दे को लेकर एआईएमआईएम पार्टी की बैठक बहेरी स्थित कार्यालय में रविवार की दोपहर हुई। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने की आजादी है। सरकार का रवैया तानाशाही पूर्ण है। सरकार लोकतंत्र खत्म कर राजतंत्र लाना चाह रही है। लोकसभा सदस्य अगर अपनी बात संसद में नहीं रखेंगे तो फिर कहां रखेंगे। सरकार को इस पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

रेवतीपुर थाना क्षेत्र स्थित जलालपुर डेरा एनएच- 124सी पर हुआ भीषण हादसा

बस-बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत, मचा कोहराम

♦ जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई दो युवकों की मौत

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के रेवतीपुर थाना अंतर्गत नवली जलालपुर गांव के पास सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते रहे। पुलिस से मिली जानकारी के रेवतीपुर थाना अंतर्गत नवली के जलालपुर डेरा के पास एनएच- 124सी पर एक बाइक और एक बस में जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर मौजूद आसपास के लोगों का कहना है कि सामने से आ रही तेज गति बस को बाइक सवार युवक समझ नहीं पाये। बाइक सवार युवक ने बचने का प्रयास किया।

परंतु बस की चपेट में आया गया। बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। एक युवक के शरीर पर बस का पिछला चक्का चढ़ गया। युवक बादल कुमार पासवान- उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र रामचंद्र पासवान की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार अन्य दो युवक अफसर उम्र लगभग 22 वर्ष, पुत्र

नेसार, अंजार पुत्र इम्तियाज घायल हो गए। हादसे के बाद वहां भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल दोनों युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया। साथ ही इसकी जानकारी पुलिस को दी।

जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया। परंतु दोनों युवकों की स्थिति बहुत नाजुक थी। युवकों के शरीर से अत्याधिक खून निकल रहा था। युवकों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। दुर्घटना के समय मौजूद स्थानीय लोगों का कहना था कि मृतक युवक की पहचान नहीं हो पा रही थी। उसके कपड़ों की जेब से पहचान पत्र भी खोजा गया।

लेकिन, नहीं मिला। हालांकि बाद में पहचान हो गई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। वहीं दूसरी ओर हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। उधर हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई है। मृतक युवकों को देर शाम अंतिम संस्कार हुआ।

हाई टेंशन तार की चपेट में आने से युवक सोनू की गई जान

केटी न्यूज/चंदौली

सदर कोतवाली क्षेत्र के नेगुरा गांव निवासी सोनू कनौजिया की जसूरी गांव में हाई टेंशन करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं जानकारी होने पर रविवार की सुबह पोस्टमार्टम हाउस के बाहर ग्रामीणों व शुभचिंतकों की भीड़ लग गई। बताते हैं कि नेगुरा गांव निवासी सोनू कनौजिया 18 वर्ष गांव के चंदन सोनकर के ट्रैक्टर से संचालित धान की मढ़ाई वाले थ्रेसर पर मजदूरी का कार्य करता था। वह जसुरी गांव निवासी रामवृक्ष सिंह के यहां में शनिवार की रात ट्रैक्टर से धान की मढ़ाई करने गया था। इसी दौरान किसी प्रकार ट्रैक्टर का धान की मढ़ाई करने वाला थेसर हाई टेंशन

करंट की चपेट आ गया और सोनू इसकी जद में आ गया। किसी प्रकार करंट से लोगों ने अलग किया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस गया। वहां उपस्थित लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन, उसकी मौत हो गई। लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे कार्रवाई में जुट गई। वही जब इसकी जानकारी परिजनों को मिली, तो उनमें कोहराम मच गया।

कायस्थ महासभा राजनीतिक क्षेत्र में बढ़ाएगी अपनी सक्रिय भागीदारी : प्रवीण

केटी न्यूज/ मऊ

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ ही साथ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। रविवार को खालिसपुर ग्राम पंचायत में पूर्व प्रधान प्रदीप लाल श्रीवास्तव के आवास पर संपन्न हुई बैठक एवं सहभोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनपद के विभिन्न क्षेत्र से आए बंधुओं ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की संसदीय लोकतंत्र में मजबूत एवं सशक्त संगठन के बल पर ही हम समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना सकते हैं आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी एक सूत्र में बंध कर एक संगठन एक आवाज बनने की जरूरत है।

लखनऊ में सड़क हादसे में सपा जिलाध्यक्ष की मौत, जनपद में फैली शोक की लहर

♦ मृदुभाषी परिश्रमी एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे राजमंगल यादव

केटी न्यूज/बलिया

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राज मंगल यादव के लखनऊ में दुघर्टना में निधन की खबर फैलते ही जनपद के समाजवादी पार्टी कार्यकताओं और नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई। सभी की आंखे नम हो गईं। सभी ने शोक व्यक्त करते हुऐ राजमंगल यादव को मृदुभाषी परिश्रमी एवं कर्तव्यनिष्ठ बताया। सपा के जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जब मै टी.डी.कालेज छात्रसंघ का अध्यक्ष था, उस समय राजमंगल यादव छात्रसंघ के महामंत्री चुने गए थे, लगभग 30 वर्षो का रिश्ता था। राजमंगल यादव भाई के समान मेरे मित्र थे, इनके निधन से मुझे

व्यक्तिगत अघात लगा हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि राजमंगल यादव एक जुझारू एवं पार्टी के लिए समर्पित नेता थे उनका असमय जाना बहुत बड़ा आघात हैं। सिकंदरपुर विधायक पूर्वमंत्री जियाऊदीन रिजवी ने कहा कि पार्टी के लिए समर्पित और पक्ष के मजबूत राजमंगल यादव का निधन अपूरणीय क्षति हैं। विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि राजमंगल यादव से मेरे परिवारिक रिश्ते थे मेरे निर्वाचन क्षेत्र के ही वह निवासी थे। पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी ने कहा कि आज हमने अपना सबसे मजबूत एवं अनुशासित साथी खोया हैं। पूर्व मंत्री नारद राय,विधायक जय प्रकाश अंचल,सनातन पाण्डेय सहित सभी वरिष्ठ नेताओ ने अपनी अपनी संवेदना प्रगट किया हैं।

उसिया मिनी स्टेडियम में शुरू हुई नौ दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता

टाई ब्रेकर में महेन की टीम ने मिर्चा को 4-2 से हराया

केटी न्यूज/गाजीपुर

नौ दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में महेन और मिर्चा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले के दौरान टाई ब्रेकर के तहत महेन की टीम ने मिर्चा को 4-2 से हराकर मैच में बढ़त बनाई।

सेवराई तहसील के उसिया मिनी स्टेडियम में जहांगरिया स्पोर्टिंग क्लब उसिया के बैनर तले नौ दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेल की शुरुआत मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबाल

संघ के अपर सचिव मो. शाहिद व विशिष्ट अतिथि एसडीएम सेवराई संजय यादव ने गुब्बारा छोड़कर मैच का शुरुआत हुआ।

उद्घाटन मैच के पहले दिन ट्राई ब्रेकर में महेन की टीम ने मिर्चा को 4-2 से हराकर जीत दर्ज की। ग्राम प्रधान शम्स तबरेज खां ने अतिथियों को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मैच के पहले हाफ में मिर्चा के खिलाड़ियों ने महेन पर दो गोल दागकर बढ़त बना ली। महेंन टीम के खिलाड़ियों ने मिर्चा पर गोल मारने के लिए गेंद पर जुझते रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

खेल के दौरान सेकेंड हाफ में महेन की टीम के खिलाड़ियों ने मिर्चा पर दो गोल दाग मैच को बराबरी पर लाकर मैच और भी रोमांचक बना दिया। निर्णायक मंडल की ओर से ट्राई ब्रेकर कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें महेन की टीम ने चार गोल दागे और मिर्चा की टीम महज दो गोल ही कर सकी। निर्णायक मंडल के द्वारा महेन टीम को 4-2 से विजेता घोषित किया गया।

मुख्य रेफरी की भूमिका अयूब साह, सहायक रेफरी राहिल अनवर रहे। मैच पर्यवेक्षक मो. इफ्तेखार खां एवं संचालन आरिफ, अकरम एवं तौसीफ ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पूर्व डीजीपी वजीर अंसारी, खालिद अमीर, परवेज खां, अकबर खां, सोहेल खान राजू, तौसीफ, सगीर खान, तुफैल खान, साजिद खान, पूर्व खिलाड़ी फिरोज खान आदि लोग मौजूद रहे।

एक नजर

मृतक कर्मचारी की ड्यूटी लगाने की होगी जांच

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रोटोकाल में मृतक आश्रित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने के मामले में एडी आजमगढ़ जांच करेंगे। रविवार को इसकी जानकारी सीएमओ डॉ. विजयपति द्विवेदी ने दी। उन्होंने ने बताया कि इस मामले में आशुलिपिक को पहले ही निलंबित करते हुए एडी कार्यालय आजमगढ़ से अटैच कर दिया गया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में बीते 26 नवंबर को पांचवें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भाग लिया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के आशुलिपिक बृजेश कुमार ने उनके प्रोटोकाल में लगने वाली मेडिकल टीम में मृतक आश्रित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की ड्यूटी लगा दी थी। इसकी जानकारी होने पर सीएमओ डॉ. विजयपति ने मामले की जांचोपरांत सही पाए जाने पर आशुलिपिक बृजेश कुमार को निलंबित कर एडी कार्यालय आजमगढ़ से संबद्ध कर दिया था। अब इस मामले में सीएमओ डॉ. विजयपति द्विवेदी ने रविवार को जानकारी के देते हुए बताया कि मामले की जांच एडी आजमगढ़ करेंगे।

बैंक अपने ग्राहकों को लिए सदैव तत्पर

गाजीपुर। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड गाजीपुर की 18वीं एवं 19वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक मुख्य अतिथि जेपीएस राठौर सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सरोजेश सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक की अध्यक्षता में अग्रवाल पैलेस निकट रोडवेज बस स्टैंड माल गोदामरोड गाजीपुर पर संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न समितियों से पधारे बैंक प्रतिनिधियों व डेलीगेट्स ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पूर्व विधायक श्रीमती सुनीता सिंह पूर्व विधायक जमानिया सच्चिदानंद, सुनील सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष, अच्छे लाल उपाध्यक्ष, अजीत सिंह उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता वाराणसी मंडल वाराणसी, असल कुमार सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक गाजीपुर इफको के प्रबंधक तथा विभिन्न समितियां से आए सचिव, विभिन्न शाखा प्रबंधक ,सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, अपर जिला सहकारी अधिकारी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रवीण सिंह पूर्व संचालक बैंक महामंत्री द्वारा किया गया। सामान्य निकाय की एजेंडावार रिपोर्ट मुख्य कार्यपालक अधिकारी कैलाश चंद्र द्वारा रखी गई। जिसका उपस्थित सभी प्रतिनिधियों द्वारा एजेंडे वार अनुमोदन किया गया। जेपीएस राठौर मंत्री जी द्वारा जिला सहकारी बैंक के प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे विकास की प्रशंसा की गई। सहकारी क्षेत्र में हो रहे प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। मंत्री द्वारा बताया गया कि जिला सहकारी बैंकों द्वारा किसी भी खातेदार का इस समय भुगतान करने में कोई समस्या नहीं है। बैंक अपने समस्त खातेदार को उनकी मांग के आधार पर भुगतान कर रहा है।

बसपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार हुए बाहर

चंदौली। बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती संगठन को मजबूत करने सख्त से सख्त कदम उठा रही है। किसी को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने वाले को बख्श ने के मुड में नहीं है। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार को बाहर का रास्ता दिखा दिया। उनके बाहर होते ही जनपद के भीतर घात करने वाले बसपा कार्यकताओं में हड़कंप बच गया। इस बात की पुष्टि बसपा जिलाध्यक्ष घनश्याम प्रधान ने की है।उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई जिला प्रभारी मुकेश कुमार के निर्देश पर की गई। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। इसलिए उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया है। कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता नीतियों और सिद्धांतों को आम जनता पहुंचाएं, ताकि संगठन सशक्त हो सके और आगामी लोकसभा चुनाव में बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का हाथ मजबूत हो सके।

राज कुमार सपा में प्रदेश सचिव मनोनीत

पीडीडीयू नगर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से राज कुमार यादव निवासी ग्राम अमोघपुर पोस्ट मुगलसराय जनपद चन्दौली को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ डा. राजपाल कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि राजकुमार यादव समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे। उक्त संबंध में मनोनीत राजकुमार यादव ने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाना और जन मानस के बीच अपने विश्वास को मजबूत करना ही मेरा प्रथम उद्देश्य है। पद की गरिमा को सर्वोपरि रखते हुए मेरे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए गए निदेर्शों का पूर्णतः पालन किया जाएगा। उक्त मनोनयन से क्षेत्र के सपा कार्यकताओं में जहां हर्ष व्याप्त है वहीं जिले व नगर के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी।

बच्चों में प्रतिभाओं की कमी नहीं : मौर्य

चंदौली। गुरुकुल एकेडमी के वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों ने अपनी जमकर प्रतिभा दिखाई। वही खेलकूद के समापन पर बच्चों में शील्ड और पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ लघु उद्योग विकास बैंक लखनऊ के प्रबंधक शिवद्रंम मौर्य व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार गुड्डू ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। वही बच्चों को पुरस्कार देकर उनके हौसले को बढ़ाया। इस दौरान लघु उद्योग विकास बैंक के प्रबंधक ने कहा कि गांव में आज भी प्रतिभाएं छिपी हुई हैं बस उन्हें एक उड़ान देने की जरूरत है। जिस प्रकार से बच्चों ने खेलकूद के साथ-साथ वार्षिकोत्सव के दौरान अपनी प्रतिभाएं दिखाई हैं इसकी जितनी भी प्रशंसा की जा काम है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों द्वारा जो भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वह बेहद सराहनीय है। खेल कूद में हार जीत लगा रहता है।बच्चों को निराश होने की जरूरत नहीं है आगे बेहतर प्रदर्शन करके जीत का जज्बा रखने की जरूरत है। प्रबंधक इसरार अहमद ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्रम देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य कृष्णकांत, गोविंदा, अजय, मधु श्रीवास्तव,शमसुद्दीन, मेराज, रोशन, सुभाष, विनोद, प्रमोद,परवेज, पूजा, अर्चना, साधना उपस्थित रही।